## एक नजर में

### तीन दिवसीय 17वां निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा

**ओंकारेश्वर।** अनंत विभूषित स्वामी रामानंद सरस्वती महाराज के 17 निर्माण महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति किया गया है। 11 सितंबर से 13 सितंबर तक महाराज श्री के द्वारा संस्थापित एवं संवर्धित श्री मार्कंडेय संन्यास आश्रम में किया जाएगा । इस तीन दिवसीय महोत्सव में अनेक विद्वान संतों के श्रीमुख से अनुभवजन्य प्रवचनों के श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा । उक्त जानकारी देते हुवे श्री मार्कंडेय संन्यास आश्रम के कोठारी रमण चैतन्य ने बताया कि 11 सितंबर को शाम को 3 बजे से 5 बजे तक जीवन में दैवी एवं आसुरी संपति के ग्रहण तथा त्याग का महत्व का संतों द्वारा सारगर्भित विवेचन । 12 सितंबर को प्राचीन आदर्श परिवार की दृष्टि से वर्तमान परिवार का संतों द्वारा सर गर्भित विवेचन। 13 सितंबर प्रात : 8 बजे से 11 बजे तक श्रृद्धांजलि सभा होगी। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद ओंकारेश्वर, महामंडलेश्वर अनंतदेव महाराज वृंदावन ,महामंडलेश्वर जगदीश पुरी शक्कर गढ़ राज ,महामंडलेश्वर विरगानंद कैथल हरियाणा, महामंडलेश्वर दिव्यानंद पूरी हरिद्वार, महामंडलेश्वर विजयनंद पूरी ऋषिकेश , स्वामी अखंडा नंद महाराज ऋषिकेश ,आचार्य हनुमान चैतन्य महाराज आलंदी महाराष्ट्र अपने उद्बोधन देंगे ।एवं 11 ,15 से भंडारा होगा।

### सक्षम संस्था व लायन्स नेत्रदान एवं देहदान समिति द्वारा 514 वां नेत्रदान



**खण्डवा।** सिंधी कालोनी गली न 1खण्डवा निवासी तारा देवी बसन्तानी का 77 वर्ष की आयु में देवलोकगमन हो गया। समिति संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े में जागरूकता कार्यक्रमों से प्रेरित होकर हनी मंगवानी व कमल नागपाल की प्रेरणा से पुत्र राजकुमार, महेश, विजय, केशव पौत्र लायन दीपक पीयूष, मयंक बसन्तानी की सहमति से विश्व नेत्रदान दिवस पर लायन्स नेत्रदान व देहदान जनजागृति समिति द्वारा लायन्स क्लब खंडवा, सक्षम संस्था खण्डवा व एम के आई बैंक व लियो क्लब खण्डवा के सहयोग से समिति के नारायण बाहेती ,डॉ सोमिल जैन, नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद तिरोले,अनिल बाहेती, घनश्याम वाधवा,डॉ राधेश्याम पटेल, राजीव शर्मा, राजीव मालवीय, समाज सेवी सुनील जैन, गांधीप्रसाद गदले, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, रणवीर सिंह चावला, चंचल गुप्ता, इंजी अखिलेश गुप्ता, लियो अर्पित बाहेती, सुमित परिहार ,शिवम जायसवाल, के सहयोग से नेत्रदान प्रक्रिया पूर्ण की गई ।समाज सेवी सुनील जैन बताया की समीती एंव संयोजक नारायण बाहेती के सक्रिय सहयोग से यह 514 वा नेत्रदान संपन्न हुआ । नेत्रदान पश्चात परिवारजनो को नेत्रदान आभार पत्र सौपा गया। नेत्रदान में सिर्फ कार्निया निकाला जाता है। पूरी आंख नहीं निकाली जाती। जिससे चेहरा विभत्स नही होता ।देह जिस स्थान पर हो टीम वहाँ पहुचकर नेत्रदान करती है। नेत्रदान व देहदान की जानकारी, घोषणा पत्र भरने के लिए समिति से कभी भी सम्पर्क किया जा सकता। समिति के सहयोग से 18 व्यक्तियों के निधन उपरांत देह मेडिकल कॉलेज को प्रदान की गईं।

### बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण




**खंडवा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (OKPS) खंडवा द्वारा शासकीय विद्यालय सिध्वरकुट के बच्चों के लिए शिक्षा सामग्री वितरण का आयोजन किया गया। सोमवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) इकाई ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (OKPS),खंडवा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा की भावना को चरितार्थ करते हुए शासकीय विद्यालय सिध्वरकुट में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों को नोटबुक, स्कूल बैग, कंपास बॉक्स तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता सहायक कमांडेंट दर्शन सिंह ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि CISF केवल औद्योगिक एवं राष्ट्रीय संपदाओं की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा, जागरूकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए भी संकल्पित है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में NHDC से जुड़े गणमान्य अधिकारी चंचला सिन्हा (डीजीएम, मानव संसाधन) तथा संजय कुमार (डीजीएम, सिविल) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अधिकारियों ने बच्चों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाया तथा कहा कि कंपनी और CISF मिलकर स्थानीय स्तर पर शिक्षा और सामाजिक उत्थान हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। CISF इकाई के निरीक्षक नंदलाल चिट्टे ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में और अधिक ध्यान लगाने के लिए प्रेरित करेगी। ग्राम सिध्वरकुट के सरपंच श्री शेरू ने इस पहल का स्वागत करते हुए CISF एवं NHDC प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए इस प्रकार की मदद उनके उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त करेगी। शैक्षणिक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर अपार हर्ष दिखाई दिया तथा विद्यालय परिसर में उल्लास और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी CISF इकाई की इस पहल को सराहते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय कदम बताया।

### महिला से किया दुष्कर्म, धर्मांतरण का बनाया दबाव, गिरफ्तार



**खंडवा।** पुलिस ने महिला पर धर्मांतरण का दबाव बनाकर बलात्कार करने वाले आरोपी के विरुद्ध की त्वरित कार्रवाई। पीडिता द्वारा थाना हाजिर आकर लेखी आवेदन पेश किया गया की आरोपी रफीक खान पिता इकबाल खान निवासी सुदामापुरी द्वारा शादी का प्रपोजल को मना करने से आरोपी रफीक खान बार-बार परेशान कर रहा था। दिनांक 02.09.2025 को जबरजस्ती गलत काम (बलात्कार) कर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने लगा जिस पर थाना पदमनगर में त्वरित कार्यवाही करते अप.क्र.236/25 धारा 64, 332(b),351(3) BNS,3(2)(V) SC/ST ACT एवं 3/5 म.प्र.धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2020 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारनेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खण्डवा राजेश रघुवंशी, एवं सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पदमनगर निरीक्षक प्रवीण आर्य के नेतृत्व में प्रकरण के आरोपी की पतारसी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। विवेचना अधिकारी डीएसपी अजाक महेश कुमार दुबे द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 09.09.2025 को विशेष न्यायालय खंडवा के यहाँ पेश किया गया। कार्रवाई में डीएसपी अजाक महेश कुमार दुबे, निरी. प्रवीण आर्य, निरी. सुलोचना गेहलोद, आर. 322 आनन्द, आर. 46 दीपेश की सराहनीय भूमिका रही है।

# स्वास्थ्य शिविर 14 सितंबर को ग्राम कालमुखी में

नवभारत न्यूज

**खण्डवा । संभाग आयुक्त इन्दौर संभाग के निर्देश अनुसार दूरस्थ क्षेत्र में स्थित गांवों में मेगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दूसरा स्वास्थ्य शिविर जिले के खंडवा विकाखण्ड के ग्राम कालमुखी में 14 सितंबर को आयोजित होगा।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि शिविर में इंदौर के प्राईवेट एवं मेडिकल कालेज इन्दौर कैंसर फाउंडेशन, बॉम्बे हास्पिटल, अपोलो राजश्री इन्दौर, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी हास्पिटल, चौईथराम हास्पिटल, शेल्वी हास्पिटल, विशेष जुपीटर, मेंदाता हास्पिटल इन्दौर, केयर सीएचएल अस्पताल इन्दौर, मेडिकल कालेज इन्दौर के विशेषज्ञों द्वारा सेवायें दी जायेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को एक्स-रे, ई.सी.जी., ईको मेमोग्राफी, सोनोग्राफी, पेथालॉजी जांच, सिकल सेल जांच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध होगी और दवाईयों का भी नि:शुल्क वितरण किया जायेगा।

साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र, सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर के बेहतर ढंग से आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

## अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

जारी आदेश अनुसार एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी. जुगतावत और एसडीएम खंडवा बजरंग बहादुर को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पृथक पृथक काउंटर तैयार करना, डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी की ड्यूटी, उपकरणों की व्यवस्था, पंजीयन, जांच एवं दवाई वितरण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण सुशिर को, पुनासा जनपद के सीईओ अभिषेक त्रिवेदी तथा छैगांवमाखन के सीईओ पंकज डाले के साथ टेंट, जल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा मरीजों को कैंप तक लाने ले जाने का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह जिला परिवहन अधिकारी दीपक मांझी को खंडवा से जाने वाले स्टाफ की परिवहन व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है।

संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई को दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, हियरिंग एड जैसे उपकरण उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रत्ना शर्मा को महिलाओं एवं बच्चों में से मरीजों का चिन्हांकन कर सूची तैयार कर उन्हें कैंप तक लाने और उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने सम्बंधी दायित्व सौंपा गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संतोष शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी खंडवा पीएस.सोलंकी तथा सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग खंडवा नीरज पाराशर को छात्रावासों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं एवं छात्रावासों के दिव्यांग बच्चों को कैंप तक लाने का दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंडवा वर्षा शिवपुरे को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मरीज व उनके परिजनों हेतु शिविर स्थल पर पेयजल व्यवस्था करने का कार्य सौंपा गया है, जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग खंडवा अरुण तिवारी, खाद्य निरीक्षक राधेश्याम गोले, खाद्य निरीक्षक संजीव मिश्रा को मरीजों के लिए भोजन, चाय, नाश्ता की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

अधीक्षण यंत्री तथा सहायक यंत्री पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ग्रामीण पुनासा को शिविर स्थल पर विद्युत व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग खंडवा नरेंद्र सिंह मंडलोई को शिविर स्थल पर बेरीकेटिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया है। आधार पंजीयन के लिए ई-गवर्नेंस मैनेजर अनिल चंदेल को दायित्व सौंपा गया है। आयुष्मान योजना के जिला को-ऑर्डिनेटर अनिश खान तथा आयुष्मान सहायक विकास बोरसे को शिविर स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने का दायित्व सौंपा गया है।

# कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास एवं प्रतिभाओं को मिलता है मंच : सुजाता मोरे




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जेसी आई द्वारा जेसी सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित होगा। नगर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए जेसीआई द्वारा सप्ताह अंतर्गत इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जेसीआई की अध्यक्ष सुजाता मौर्य एवं वरिष्ठ जेसीआई रणवीर चावला के मुख्य अतिथि में जेसी सप्ताह कार्यक्रम को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजाता मोरे ने सभी पत्रकारों का स्वागत किया ।

पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि जेसी सप्ताह में कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता देने के लिए इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। आयोजित कार्यक्रमों में युवा प्रतिभा सम्मान, मेघावी सम्मान, मौन सेवा भावी सम्मान, जेसीआई का ध्वजारोहण, बैडमिंटन प्रतियोगिता, बास्केट बॉल, टेबल टेनिस, शतरंज, कराओके, स्विमिंग, खंडवा गाट टेलेन्ट, वाद विवाद, तत्काल भाषण ,महिलाओं का ड्राइविंग लाइसेंस, जुबां, मेहंदी, चित्रकला रंगोली, ग्लोबल रिकॉर्ड चलेंगे, ह्यूमन राइट डे को लेकर पब्लिक सिग्नेचर, डांस प्रतियोगिता, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, आई चेक केम्प, पर्यावरण के लिए कार्य, शूटिंग प्रतियोगिता होगी। जेएसी रीजन चेयरमेन हेमंत मुंदड़ा ने आयोजित कार्यक्रमों में शहर वासीयो आने की अपील की। रणवीर चावला ने जेसीआई का महत्व बताते हुए कहा जेसीआई युवाओं के व्यक्तित्व विकास की संस्था है। क्लब का सिद्धांत विकास और सेवा भाव है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अनिल बाहेती ने कहा कि हर युवा को जेसीआई से जुड़ना चाहिए यह एक प्रशिक्षण की बहुत बड़ी संस्था है इस अवसर पर कार्यक्रमों के फोल्डर का विमोचन किया गया। पत्रकार वार्ता में सुनील जैन, मेघा प्रजापति, अनुज खंडेलवाल, शिवम अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, नागेश बालंजकर, विकास मित्तल दीपक सोलंकी, मनन सोनी, देव महोबिया और खंडवा के सम्मानिय पत्रकार गण मौजूद थे।

### अनुपस्थित पाई गई आंगनवाड़ी सहायिका की सेवा समाप्त

**खंडवा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खंडवा शहरी के परियोजना अधिकारी ने बताया कि संत रैदास वार्ड अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र रेलवे कालोनी क्र. 34 में पदस्थ आंगनवाड़ी सहायिका दीपमाला यादव विभागीय नियमों के विपरीत विगत कई माह से बिना सूचना एवं बिना स्वीकृति के अनाधिकृत रूप से आंगनवाड़ी केन्द्र से अनुपस्थित हैं। आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित होने के लिए इन्हें मोबाईल पर एवं पत्रों के माध्यम कई बार निर्देशित किया गया है किन्तु इनके द्वारा लगातार आदेशों की अवहेलना की जा रही है। अत: विभागीय नियम अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खंडवा के अनुमोदन उपरांत मंगलवार को आंगनवाड़ी सहायिका दीपमाला यादव को पद से पृथक करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई।

# असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 22 असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 10 प्रकरणों मे 14 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 08 प्रकरण मे 08 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 05 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 15 गिरफ्तारी, 37 जमानती वारंट, 108 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।




### अवैध शराब बेचने वालों पर प्रकरण दर्ज

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पिपलोद के आरोपी कचरू पिता नत्थु जाति बंजारा उम्र 55 साल निवासी ग्राम मोरधड, के कब्जे से 07 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती 700/- रूपए की जप्त की गई। थाना मांधाता के आरोपी भीमा पिता तारण मानकर जाति मानकर उम 35 साल नि. मोरटक्का माफी द्वारा 08 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 800/- रूपए की जप्त की गई। थाना धनगांव के आरोपी इंदौरी पिता मांगीलाल भील उम्र 36 साल निवासी भेरूखेडा के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमती 1200/- रूपए की जप्त की गई। थाना हरसूद की आरोपी रमेश पिता गंगाराम चौहान उम्र 49 साल निवासी ग्राम देवल्दी मो. नं. अप्राप्त है। द्वारा उसके ढाबे पर 18 क्वाटर देशी प्लेन शराब कीमती 1400/-रुपए की जप्त की गई। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान में एम.व्ही.एक्ट के तहत गई कार्रवाई

प्रदेश स्तर पर बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं उनमे होने वाली मृत्युदर को कम करने के उद्देश्य से एवं लोगो को यातायात नियमों का पालन कराये जाने हेतु दिनांक 08/09/2025 से 22/09/25 तक प्रदेश स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके पालन मे जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट/सीटवेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग, शराब पीकर वाहन चलाना, राँग साइड वाहन चलाना, ओव्हर लोडिंग वाहन चलाना, बिना लायसेन्स, विना फिटनेस, बिना परमिट के वाहन चलाने पर नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 209 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 98900/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई, नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध एम व्ही एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाईकी जावेगी।

# बाहरी व्यक्ति के रुकने की सूचना थाने पर नहीं देने पर अपराध पंजीबद्ध

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** थाना खालवा द्वारा जिले के बाहरी व्यक्ति की रुकने की सूचना थाना में नहीं देने पर रोकने वाले के विरुद्ध किया गया अपराध पंजीबद्ध।

दिनांक 08. 09. 25 को ग्राम खारकला मे सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खारकला की मस्जिद मे एक व्यक्ति बाहर से आकर रह रहा है। जिसे ग्राम खारकला की मस्जिद के सदर मोहम्मद हनीफ पिता बिस्मिलाह खान जाति मुसलमान के द्वारा नमाज पढाने हेतु रखा गया है। सूचना पर ग्राम खारकला की मस्जिद पहुंचा जहाँ मस्जिद सदर हनीफ पिता बिस्मिलाह खान जाति मुसलमान से पूछताछ की। जिन्होने बताया कि उसके द्वारा ही मस्जिद में नमाज पढाने हेतु अख्तर रजा पिता बदरूददीन निवासी पनासी सारादिधी थाना पहाडकट्टा बिहार को रखा हैं जिसकी जानकारी उसके द्वारा थाना खालवा पर नही दी गई।

इस प्रकार आरोपी हनीफ खान पिता बिस्मिलाह खान जाति मुसलमान उम्र 72 साल तथा अख्तर रजा पिता बदरूददीन जाति मुसलमान उम्र 35 निवासी पनासी सारादिधी थाना पहाडकट्टा बिहार के जिला दंडाधिकारी खंडवा द्वारा धारा 163 बीएनएसएस के अधीन जारी दिशा निर्देशो का उल्लंघन करने पर पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी व एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खालवा निरीक्षक जगदीश सिंधिया के द्वारा आरोपीगणों के विरूद्ध थाना खालवा पर अपराध क्रमांक 319/25 धारा 223 भान्यासं का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी खालवा निरी. जगदीश सिधिंया, उनि. भुवान वास्कले, सउनि राधेश्याम मंडलोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान नहीं मिला

नवभारत न्यूज

**खण्डवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।**



आवेदक विनोद पिता गबरू निवासी बड़िया सकना ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर अनुरोध किया कि उसे किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान नहीं मिल रहा है, जिस पर उन्होंने तहसीलदार छैगांवमाखन को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर पात्रता अनुसार किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। आवेदक कुलदीप तोमर निवासी ग्राम मोरदड़ ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने जनपद पंचायत पंधाना के सीईओ को आवेदक के राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

आवेदक विजय सिंह रावत ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि पुनासा विकासखंड के ग्राम माकड़कच्छ के पंचायत सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा विभिन्न योजनाओं में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिस पर उन्होंने जनपद पंचायत पुनासा के सीईओ को पंचायत के रिकॉर्ड की जांच कर 3 दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत नानखेड़ा के ग्रामीणों ने अमृत सरोवर निर्माण कार्य घटिया तरीके से कराये जाने के कारण इस बरसात में तालाब फूटने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने पंधाना के जनपद सीईओ को अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए। खालवा विकासखंड के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत खेड़ी के सरपंच सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं में शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने की शिकायत की गई, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पंधाना तहसील के ग्राम दीवाल निवासी बलराम सिंह पिता हरि सिंह ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उसकी पैतृक कृषि भूमि पर मदनलाल भावसार निवासी पंधाना ने कब्जा कर लिया है जिसे हटाया जाए, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने एसडीएम पंधाना को आवेदक की कृषि भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, एसडीएम बजरंग बहादुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक** — जिले की 419 पंचायतों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की वसूली ग्राम पंचायतों द्वारा पिछले दिनों की जा चुकी है

# रक्तदान शिविर लगाएं, नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें

नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रक्तदान शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए। इन शिविरों के आयोजन की तिथि और स्थान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारी को भी इन शिविरों में आमंत्रित कर अधिक से अधिक लोगों को शिविर से जोड़ें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान शिविरों के आयोजन से पूर्व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आसपास की ग्राम पंचायत के रोजगार सहायकों और पंचायत सचिवों से संपर्क कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को शिविर में रक्तदान के लिए प्रेरित करें।



### घरों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवायें

कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों के घरों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवा लें, ताकि वर्षा का पानी व्यर्थ न बहे और भूजल स्तर में भी वृद्धि हो। बैठक में उन्होंने आगामी 14 सितंबर को जिले के ग्राम कालमुखी में आयोजित होने वाले वृहद स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में आने वाले मरीजों को कोई परेशानी न हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की प्रगति की भी समीक्षा की।

### ग्रामीण पेयजल योजनाओं में जलकर की वसूली बढ़ायें

बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं से जलकर की वसूली की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले की कुल 419 पंचायतों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की वसूली ग्राम पंचायतों द्वारा पिछले दिनों की जा चुकी है। कलेक्टरने बैठक में निर्देश दिए कि जिन परिवारों को जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं से लाभान्वित किया गया है, उन सभी को जलकर जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर के.आर. बडोले सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी मौजूद थे।

### " कर्मयोगी आईगॉट पर सीखें सप्ताह " के तहत सभी अधिकारी प्रशिक्षण लें

कलेक्टर ने बैठक में बताया कि 15 से 19 सितम्बर के बीच कर्मयोगी आईगॉट पर सीखें सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईगॉट पोर्टल पर पंजीकृत सभी लोकसेवकों को ऑनलाईन प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से लेना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अगले सोमवार से पूर्व कम से कम 2-2 कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर ऑनलाइन सर्टिफिकेट डाउनलोड कर शेयर करें।